# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,उदयपुर राजस्थान

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23

**राष्ट्रीय सेवा योजना तीनों इकाइयों द्वारा वर्ष 2022- 23 में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया :**

**माह जुलाई - माह जुलाई में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा नवीन सत्र के आरंभ में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।हरित राजस्थान सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने अपने-अपने घर व निकटवर्ती बगीचों में पौधारोपण किया।**

**अगस्त माह - अगस्त माह में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर (राजस्थान) एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार एवं आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल , राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ भूरी लाल मीणा, "आजादी का अमृत महोत्सव " की नोडल अधिकारी डॉ अंजना गौतम ,जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ भूरी लाल मीणा,प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ श्वेता व्यास , कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना मेघवाल एवं डॉ रितु दुबे के नेतृत्व में दिनांक 1 से 16 अगस्त 2022 तक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं एवं अन्य छात्राओं द्वारा किए गए कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है:**

- **हर घर तिरंगा कार्यक्रम की भावना से परिचित कराने हेतु स्वयं सेविकाओं द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2022 से आसपास के घरों में गांवों में जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किए गए।**
- **प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ श्वेता व्यास, एनसीसी प्रभारी डा संगीता माहेश्वरी एवं रेंजरिंग समिति सदस्य डा शीबा हैदर के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं, कैडेट्स तथा रेंजर्स ने तिरंगा के साथ सेल्फी ली।**

- दिनांक 6 अगस्त को गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन गाथा पर लघु निबंध स्वयंसेविकाओं द्वारा लिखे गए।
- स्वयं सेविकाओं ने ऑडियो व वीडियो संदेश द्वारा हर घर तिरंगा पर काव्य पाठ किया।
- दिनांक 8 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा पर्यावरण को स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर के साथ-साथ अपने अपने गांव और घरों में भी पौधारोपण किया गया।
- दिनांक 10 अगस्त को आधुनिक भारत में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर निबंध का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।
- दिनांक 10 अगस्त को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव एवं "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल , "आजादी का अमृत महोत्सव " की नोडल अधिकारी डॉ अंजना गौतम ,प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ श्वेता व्यास , कार्यक्रम अधिकारी डॉ रितु दुबे व डॉ वंदना मेघवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ,एनसीसी प्रभारी डा संगीता माहेश्वरी के नेतृत्व में कैडेट्स एवं रेंजरिंग समिति सदस्य डा शीबा हैदर के नेतृत्व में रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय से मधुबन तक तिरंगा रैली रैली निकाली गई।सभी प्रतिभागिओं ने देशभक्ति के एवं हर घर तिरंगा के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक रैली निकाली।
- दिनांक 12 अगस्त को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव एवं नशा मुक्त भारत अभियान के क्रम में महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल , "आजादी का अमृत महोत्सव " की नोडल अधिकारी डॉ अंजना गौतम ,प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ श्वेता व्यास , कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना मेघवाल के नेतृत्व में समस्त संकाय सदस्यों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं , द्वारा महाविद्यालय में नशामुक्ति की शपथ ली गई।

- दिनांक 12 अगस्त को महाविद्यालय के ध्वजा स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का आरोहण किया गया एवं तिरंगा ध्वज के सम्मान में सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाया।
- दिनांक 13 अगस्त को प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ श्वेता व्यास व कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना मेघवाल के नेतृत्व में सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं को अपने अपने घरों में लगाने के लिए तिरंगा ध्वज वितरित किए गए। इसके बाद प्रतिभागिओं ने तिरंगा ध्वज लेकर देशभक्ति के एवं हर घर तिरंगा के नारे लगाते हुए महाविद्यालय से मीरा मार्ग एवं मधुबन क्षेत्र में उत्साहपूर्वक वृहद रैली निकाली। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला । डॉ अंजना गौतम ने हर घर तिरंगा ध्वज लगाने के महत्व के प्रति छात्राओं को जागरुक किया।
- दिनांक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं जयंती के दिन समारोह मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल द्वारा ध्वजा स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया एवं तिरंगा ध्वज के सम्मान में सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया। साथ ही संकाय सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत गाए गए।
- दिनांक 16 अगस्त को सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने अपने सेल्फी विद तिरंगा सोशल मीडिया

  (वाट्स एप/इंस्टाग्राम आदि ) पर शेयर किए ।

## माह सितंबर

सितंबर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना ,रोड सेफ्टी एवं यातायात समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान एवं आधार फाउंडेशन तथा होंडा मोटरसाइकिल स्कूटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से दिनांक 14 से 16 सितंबर 2022 तीन दिवसीय महिलाओं के लिए सुरक्षित वहां चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल द्वारा किया गया। जिसमे 106 छात्राओं ने पहले सत्र में दोपहिया वाहन चलाने का प्रशिक्षण लिया, साथ ही छात्राओं को वाहन चलाते समय

ध्यान रखने वाले नियमों की जानकारी होण्डा मोटर्स के भी जतिन कटारिया द्वारा दी गई। दूसरे सत्र में छात्राओं को ड्राइविंग सिम्युलेटर के माध्यम से यातायात के नियमों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला के दूसरे दिन दिनांक 15.09.2022 के महाविद्यालय, संकाय सदस्यों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यशाला के दूसरे सत्र में वाहन चलाते समय सुरक्षा के महत्त्व के बारे में बताया गया। एवं विशिष्ट अतिथि श्री राजवेश्वर एरिया उपस्थित हुए।

दिनांक 16.09.2022 को कार्यक्रम को समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री शील मोहन शर्मा मेनेजर लेकसिटी मोटर्स ने कहा कि छात्राओं को वाहन चलाते समय सदैव सचेत रहना चाहिए एवं गति सीमा का ध्यान रखना चाहिए तभी दुर्घटना से बचा जा सकता है। समारोह -की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल ने छात्राओं को यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालना करने को कहा एवं प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

दिनांक 23 सितंबर 2022 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना नव पंजीकृत स्वयं सेविकाओं के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फरहत बानो पूर्व जिला समन्वयक अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना व पूर्व सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा मुख्य वक्ता थीं। प्राचार्य डॉ नीलम सिंघल ने स्वयं सेविकाओं को युवाओं के लिए सेवा के महत्त्व से अवगत कराया । डॉ. फरहत बानो ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, सिद्धांतों और उद्देश्यों को महात्मा गांधी जी एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित बताया। छात्रसंघ अध्यक्ष सुश्री किरण वैष्णव ने एन एस एस कार्यक्रम को प्रेरणास्पद बताया। समारोह में स्वयं सेविकाओं ने एकल एवं समूह नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हितिक्षा एवं आयशा द्वारा किया गया । कार्यक्रम का आयोजन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ श्वेता व्यास ,डॉ सुनीता आर्य एवं डॉ किरण मीणा द्वारा किया गया ।डॉ भावना आचार्य ने कार्यक्रम में आकर स्वयं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया।




**इसी कार्यक्रम में मीरा एलूमिनी सोसाइटी एवं insd के सहयोग से फैशन पर एक टाक  शो का भी आयोजन किया गया।पूरे कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

**दिनांक 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल मैडम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना का सत्र 2022 -23 का प्रथम  एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया । एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग तथा आई सी आई सी आई बैंक तथा आकृति कैपिटल के संयुक्त  तत्वावधान में सामान्य छात्रावास में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।**






**इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल ने छात्राओं को अपने उद्बोधन द्वारा यह बताया कि मन में यदि कार्य करने की इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कार्य करना असंभव नहीं है ।कोई भी अपनी इच्छा के अनुरूप किसी भी क्षेत्र में जा सकता है । इसके लिए आवश्यकता है सतत् प्रयास तथा दृढ़ मनोबल की । कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की ओर से डॉ. स्नेहा बाबेल, डॉ.नम्रता यादव ,डॉ मंजू खत्री ,डॉ साक्षी चौहान ,डॉ वंदना मेघवाल उपस्थित रहे । वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स लैब की महत्ता से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया तथा विषय में भविष्य की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया तथा आईसीआईसीआई बैंक द्वारा अपने बैंक की भावी योजनाओं को विद्यार्थियों को बताया गया। वाणिज्य तथा बैंक की पारस्परिक भूमिका को भी समझाया गया ।एन एस एस दिवस पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ श्रुति टंडन ने एन एस एस की उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया । शिविर में छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी । कार्यक्रम में NSS अधिकारी डॉ. श्वेता व्यास , डॉ. किरण मीणा उपस्थित रहे तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनीता आर्य के द्वारा किया गया।**

**माह अक्टूबर-** **दिनांक 3 अक्टूबर को खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश अनुसार फिट इंडिया रन 3.0 के अंतर्गत राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय , उदयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के द्वारा प्राचार्य डॉ मीना बया तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ नीलम सिंघल की उपस्तिथि में प्लॉग का आयोजन किया गया जिसमें जिला समन्वयक अधिकारी डॉ भूरी लाल मीणा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।**






महाविद्यालय से 3 किलोमीटर की यात्रा में जोगिंग करते हुए 50 स्वयंसेविकाओं ने कचरा उठाया एवं सफाई का संदेश दिया। प्लॉग से पहले कार्यक्रम अधिकारियों डॉ श्वेता व्यास एवं डॉ सुनीता आर्य द्वारा स्वयं सेविकाओं को प्लॉग की कार्यशैली समझाई गई। इसके अंतर्गत जोगिंग करते हुए कचरा साफ किया जाता है तथा पर्यावरण को बचाने स्वच्छता रखने एवं स्वास्थ्य को बनाए रखने का संदेश एक साथ दिया जाता है। इस नई गतिविधि के प्रति स्वयं सेविकाओं का उत्साह देखने लायक था।

खेल एवं युवा  मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश अनुसार फिट इंडिया रन 3.0 के अंतर्गत चल रहे प्लॉग कार्यक्रम की कड़ी में आज दिनांक 4 अक्टूबर को भी राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय , उदयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों  के द्वारा प्राचार्य डॉ. मीना बया तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. नीलम सिंघल की उपस्थिति में प्लॉग का आयोजन किया गया ।इस गतिविधि में जिला समन्वयक अधिकारी डॉ. भूरी लाल मीणा के नेतृत्व में महाविद्यालय से 3 किलोमीटर की यात्रा में जोगिंग करते हुए 100 स्वयंसेविकाओं ने कचरा उठाया एवं सफाई का संदेश दिया। प्लग से पहले कार्यक्रम अधिकारियों डॉ श्वेता व्यास एवं डॉ सुनीता आर्य द्वारा स्वयं सेविकाओं को प्लॉग की कार्यशैली समझाई गई। इसके अंतर्गत जोगिंग करते हुए कचरा साफ किया जाता है तथा पर्यावरण को बचाने ,स्वच्छता रखने एवं स्वास्थ्य को बनाए रखने का संदेश एक साथ दिया जाता है। इस नई गतिविधि के प्रति स्वयं सेविकाओं का उत्साह देखने लायक था।

दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया मैडम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया l







इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता व्यास ने सभी का स्वागत किया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया ने छात्राओं को अपने उद्बोधन द्वारा यह बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की चरित्र निर्माण में विशेष भूमिका है। सेवा की , परस्पर सहयोग की ,नेतृत्व की भावना जाग्रत करने में इस प्रकार के शिविर विशेष उपयोगी होते हैं l शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. भूरी लाल जी मीणा भी उपस्थित रहे l शिविर के में सर्वप्रथम "Clean India campaign 2.0" के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रमदान करते हुए सफाई कार्य किया गया तथा 12 किलो से अधिक कचरा साफ किया गया l




कार्यक्रम में विधार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ,जिसमें स्वयं सेविकाओं ने अपने हाथों से कचरा पात्रों का निर्माण किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए I

शिविर में सह शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन स्वयं सेविकाओं के ज्ञानवर्धन एवं पर्सनैलिट डवलपमेंट के उद्देश्य से किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री अमित माथुर द्वारा मोटीवेशन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया I उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम अपनी कमजोरियों को दूर कर सकते है, आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं।व्यवहार में सकारात्मकता , सोच का सही दिशा में परिवर्तन करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा उन्होंने प्रदान की। शिविर में स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक शिविर में भाग लिया I कार्यक्रम में NSS अधिकारी डॉ. श्वेता व्यास , डॉ सुनीता आर्य, डॉ. किरण मीना उपस्थित रहें। डॉ. किरण मीना ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया I

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय के आदेशानुसार दिनांक 31/10/2022 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की स्वयं सेविकाओं द्वारा प्राचार्य डॉ मीना बया के नेतृत्व में शपथ ग्रहण की गई I स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सत्य निष्ठा से अपना योगदान देने की शपथ लेते हुए छात्राओं ने अपने देशभक्ति का परिचय दिया। एकता

दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण के साथ ही साथ उदयपुर जिला कलेक्टर श्रीमान् ताराचंद जी मीणा के नेतृत्व में स्कूली छात्र , छात्राओं के साथ मीरा कन्या महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं द्वारा जिला स्तरीय एकता दौड़ में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। यह दौड़(रन फॉर यूनिटी)उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन से टाउन हॉल परिसर में स्थित शहीद स्मारक तक आयोजित की गई। कार्यक्रम में नगर निगम ,कलेक्ट्रेट , नेहरू युवा केंद्र के अधिकारियों के साथ-साथ मीरा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता व्यास , डॉ सुनीता आर्य एवं श्रीमती रितु परमार भी उपस्थित रहीं।




## माह नवम्बर

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजरिंग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14 नवंबर 2022 को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के लिए स्लोगन लेखन तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने शांति संदेश देते हुए विविध नारे लिखी हुई तख्तियों का निर्माण किया तथा इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा निकाली गई रैली में नारों तथा पोस्टरों के माध्यम से शांति का संदेश दिया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जुजर हुसैन बोहरा व डॉ. भूरीलाल मीणा जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली मे कार्यक्रम

अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. किरन मीना, डॉ. रितु परमार एवं रेंजरिंग प्रभारी वंदना मेघवाल उपस्थित रहे। स्वयंसेविकाओं ने रैली में उत्साह से भाग लिया।







कार्यक्रम - 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 03 दिसम्बर 2022 को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ELC (मतदाता साक्षरता क्लब) के संयुक्त तत्वावधान में जिला निर्वाचन विभाग के सहयोग से प्राचार्य डॉ मीना बया की अध्यक्षता में नवीन मतदाताओं के पंजीकरण हेतु 'क्लस्टर कैंप' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 17 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के बीच की और 18 से 19 वर्ष की आयु की छात्राओं को नव- मतदाताओं के रूप में VHA (वोटर हेल्पलाइन ऐप) के माध्यम से पंजीकृत करना था।

महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में आयोजित 'क्लस्टर कैंप' में महाविद्यालय की लगभग 312 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को VHA (वोटर हेल्पलाइन ऐप) की समस्त प्रक्रिया विस्तार से बताई गई एवं 161 छात्राओं को यह एप डाउनलोड करवाते हुए 36 छात्राओं को VHA ऐप के माध्यम से तत्काल मतदान के लिए पंजीकृत किया गया। साथ ही बी.एल.ओ. द्वारा 84 छात्राओं को फॉर्म-6 भरवाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपना ऑनलाइन मतदाता रजिस्ट्रेशन कराएं।

जिला निर्वाचन विभाग की ओर से आए बी.एल.ओ. एवं ट्रेनिंग टीम के सदस्यों ने छात्राओं से वोटर हेल्पलाइन एप (Voter Helpline App) डाउनलोड करवाया तथा इस संदर्भ में छात्रों के समक्ष आ रही समस्या का निदान प्रस्तुत किया। जिला निर्वाचन विभाग की ओर से आए हुए कार्मिकों ने छात्राओं को नव मतदाता पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करते हुए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में समझाया।

## माह दिसम्बर

दिनांक **15-12-2022** को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों तथा महाविद्यालय की स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के आयोजन में वनवासी कल्याण परिषद् की तथा जी बी एच अमेरिकन हॉस्पिटल के चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही । शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ तथा जनरल फिजिशियन ने अपनी निःशुल्क सुविधाएं दी। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के साथ ही साथ महाविद्यालय की अन्य सभी छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ लिया । राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के लिए विशेष रूप से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें इच्छुक स्वयं सेविकाओं ने जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल से पधारे हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगेंद्र से अपनी नेत्र संबंधी विविध जिज्ञासाओं का समाधान किया । इस अवसर पर आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क रूप में वितरित की गई। इन चिकित्सा सुविधाओं का लाभ पाकर सभी स्वयं सेविकाओं को अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हुई। कार्यक्रम में प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सुनीता आर्य, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.किरण मीणा तथा श्रीमती रितु परमार उपस्थित रहे।







19 दिसंबर 2022 को डॉ अंजना गौतम के निर्देशन में इंटर कॉलेज टैलेंट फेस्ट यूफोरिया 2023 का आयोजन किया गया आयोजन के तहत प्रतियोगिता का प्रथम चरण संपन्न हुआ जिसमें महाविद्यालय की 68 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे तथा प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

प्रतियोगिता के आयोजन में पोद्दार ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन्स और करियर ड्रीम्स एज्यूकेशनस की ओर भागेदारी की गई थी।पोद्दार ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन्स के मार्केटिंग मेनेजर अजय जोशी ने

**इन्टरकॉलेज टेलेन्ट फेस्ट यूफोरिया-23 से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी| करियर ड्रीम्स एज्यूकेशन के शैक्षणिक प्रभारी विनायक सक्सेना ने विद्यार्थींयों को उज्जवल भविष्य के लिए अन्य विकल्पों की जानकारी प्रदान की |**

**प्रतियोगिता के आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता आर्य डॉ किरण मीणा डॉ ऋतु परमार की साझेदारी रही। इस शिक्षावर्धक कौशल विकास पहल से उदयपुर के छात्र-छात्राएं सम्पूर्ण रूप से लाभन्वित हुए|**

## माह जनवरी

**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2023 को प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं द्वारा उत्साह पूर्वक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने देशभक्ति गीतों से महाविद्यालय के सभागार को गुंजायमान बनाते हुए युवा शक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर तीनों इकाइयों में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद से संबंधित स्वनिर्मित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं चरित्र से संबंधित सुंदर पोस्टर बनाए। साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने अधिक संख्या में भागीदारी लेते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र तथा युवा शक्ति की महत्ता पर भाषण प्रस्तुत करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रमों में एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम स्वयं सेविकाओं द्वारा युवा शक्ति के वर्तमान स्वरूप पर तथा उनके उज्जवल भविष्य की संभावनाओं पर एक सुंदर नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने पथ भ्रष्ट होती युवा शक्ति के स्वरूप को बतलाया तथा किस प्रकार जीवन में सही दिशा, मार्गदर्शन एवं आत्मशक्ति के द्वारा नवीन आयामों को स्थापित करने की शक्ति युवा में है यह संदेश भी महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की कार्यक्रम**

अधिकारियों ने सभी स्वयंसेविकाओं को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी का धन्यवाद किया।




दिनांक 12 जनवरी 2023 को प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के तहत समस्त स्वयं सेविकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति सचेत करते हुए महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा समिति के साथ मिलकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिसमें समस्त स्वयंसेविकाओं को महाविद्यालय के पन्ना धाय सभागार में व्याख्यान द्वारा सड़क सुरक्षा किस प्रकार की जानी चाहिए साथ ही साथ अपने परिवार जनों को सुरक्षित रखने के लिए पैदल चलते हुए , दुपहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन चलाते समय किन सावधानियां को अपनाकर सड़क सुरक्षा की जानी चाहिए यह जानकारियां प्रदान की गई विद्यार्थियों को सदैव साबचेत रहते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का हृदय से पालन करते रहने के लिए शपथ भी दिलाई गई।


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.मीना बया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ जुजर हुसैन बोहरा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. भूरीलाल मीणा नेतागी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।




स्वयं सेविकाओं ने इस अवसर पर देश भक्ति के नारों से सभागार को गुंजायमान बनाया। पराक्रम दिवस के इस अवसर युवा शक्ति में देश के प्रति भक्ति एवं देश रक्षा के भावों को जागृत करने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति सम्मान के भावों को प्रदर्शित करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के सेविकाओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन चरित्र के विविध पक्षों को अपने भाषण द्वारा अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुनीता आर्य, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण मीना एवं रितु परमार के सहयोग से किया गया।






दिनांक 24.1.2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीना बया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की स्वास्थ्य समिति के साथ मिलकर स्वयं सेविकाओं तथा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मासिक धर्म में स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में पंडित मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से आए हुए चिकित्सकों ने महिला स्वास्थ्य पर विशद् चर्चा करते हुए बालिकाओं तथा महिलाओं को महावारी के समय होने वाली सामान्य परेशानियों तथा उपचार को बताते हुए विषय पर ज्ञानवर्धक

व्याख्यान दिया I स्वयं सेविकाओं ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी सामान्य समस्याओं का समाधान भी चिकित्सकों से पूछा तथा आवश्यक उपचार प्राप्त किया I यह व्याख्यान सभी छात्राओं के लिए लाभवर्धक रहा I




राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों तथा स्वयंसेविकाओ ने बालिका संरक्षण के संदर्भ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी ग्रहण की I राष्ट्रीय बालिका दिवस के आयोजन कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के लिए नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया I जिसमें स्वयंसेविकाओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा विषय से संबंधित पोस्ट निर्मित किए I कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुनीता आर्य,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण मीना तथा रितु परमार उपस्थित रहे|






दिनांक 25.1.2023 को 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी उदयपुर के निर्देशानुसार मीरा कन्या महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयं सेविकाओं ने महा विद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ मीना **बया** के निर्देशन में मतदान करने की शपथ ग्रहण की इस अवसर पर समस्त स्वयं सेविकाओं को वोट के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु व्याख्यान दिया गया तथा अपने मताधिकार का सदैव सही उपयोग करने का महत्व भी बताया गया।

26 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओ ने महाविद्यालय के संकाय सदस्यों तथा छात्राओं के साथ गणतंत्र दिवस तथा बसंत पंचमी को उत्साह पूर्वक मनाया 74वें गणतंत्र दिवस समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।प्राचार्य डॉ मीना बया ने ध्वजारोहण किया एवं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी देश,राज्य तथा परिवार के लिए संविधान और अनुशासन बहुत आवश्यक है।अधिकार के साथ कर्तव्य पालन बहुत आवश्यक है। हमारा संविधान बहुत मेहनत तथा समयसाध्य प्रक्रिया से निर्मित किया गया हैऔर विश्व में एक पहचान रखता है।यह अनेकता और अखंडता का संदेश देता है। प्राचार्य ने युवाओं को सावधानी से लक्ष्य निर्धारण एवं धीरज की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि आज के पावन दिन गणतंत्र दिवस के साथ ही वसंत पंचमी भी है।




- मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस है ,साथ ही कवि श्री सूर्यकांत त्रिपाठी "निराला" का जन्म दिवस भी है।इस अवसर पर संगीत विभागाध्यक्ष डॉक्टर लाजवंती बनावत के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति की भावना प्रदर्शित करते हुए काव्यपाठ ,सामूहिक गीत,कविता आदि प्रस्तुत किया।इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं हीना शर्मा एवं मेघना को विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर सम्मानित किया ।कार्यक्रम के अंत में छात्रा संघ परामर्शदाता डॉ मंजू बारूपाल ने धन्यवाद देते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ इंदु अरोड़ा एवं छात्राओं ने किया। इसी के साथ बसंत पंचमी का त्योहार भी धूमधाम से मनाया गया। सभी संकाय सदस्यों व छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना की । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में शहीद दिवस का आयोजन किया गया

इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने समस्त छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 30 जनवरी 1948 का दिन देश के इतिहास में काले धन के रूप में दर्ज किया गया है। इस दिन दिल्ली के बिरला हाउस परिसर में नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या की थी। भारत में उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन बापू के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान अभिव्यक्त करने का तथा उनकी दी गई शिक्षाओं को दृढ़ संकल्प के साथ पालन करने का दिन है। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय

सदस्यों तथा छात्राओं ने बापू को सम्मान देने के लिए तथा शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा।




दिनांक 31.01. 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों तथा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए सुखेर ग्राम पंचायत के 2 गांव का स्वयं सेविकाओं के साथ भ्रमण किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा इस अवसर पर गांवों में जाकर ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क कर गांव के लोगों को मिलकर जन जागरूकता के प्रयास किए गए । इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए पोस्टर एवं भाषण तथा नारों के माध्यम से विविध विषयों पर जनचेतना जागृत गई। स्वयंसेविकाओं ने भ्रमण के दौरान गांव वासियों से बातचीत कर उनकी दैनिक दिनचर्या के साथ ही साथ उनकी समस्याओं को जाना तथा समझा । गांव के वृद्धजनों, बच्चों , महिलाओं से बातचीत कर उनके व्यक्तिगत तथा सामाजिक परेशानियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं को समझा । स्वयंसेविकाओं ने एकत्रित हुए जन समुदाय में मावठ के दौरान हुई ओलावृष्टि के फल स्वरुप नष्ट हुई फसलों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा किसान राहत कारी , हितकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को प्रदान । साथ ही साथ बालकों तथा युवकों के मध्य नशा मुक्ति के विषय पर भी जागरूकता फैलाई। छात्राओं ने नशे की ओर बढ़ती युवा पीढ़ी के बुरे भविष्य को बतलाकर बालकों को सचेत किया ।

एकत्रित महिलाओं तथा बालिकाओं को शिक्षा के महत्त्व से परिचित कराते हुए स्वयं सेविकाओं ने पढ़ाई को निरंतर बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान की । इस अवसर पर बड़गांव पंचायत समिति के सापेटियां गांव तथा भीलों का बेदला गांव में भ्रमण किया गया । जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुनीता आर्य तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण मीणा राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से उपस्थित रहे जिनके नेतृत्व में स्वयंसेविकाओ ने जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

उन्नत भारत अभियान की प्रभारी डॉ.लाजवंती बनावत भी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।







**अप्रैल - भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में " हर हाथ किसी के साथ" (EOHO) कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस के युवाओं के लिए किया जाना आदेशित किया गया था इसी संदर्भ में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान सरकार के आदेश की अनुपालन में पासपोर्ट टू अर्न कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संदर्भ में प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की चयनित 5 स्वयंसेविकाओ को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया था। जिन्होंने यूनिसेफ द्वारा 18 मई 2023 को आयोजित प्रशिक्षण में कार्यक्रम से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक प्रशिक्षण कार्यों में भागीदारी करते हुए अपना प्रशिक्षण कार्य पूरा किया। प्रशिक्षण के उपरांत स्वयंसेविकाओ ने उत्साह पूर्वक अपने कार्यों को करना प्रारंभ किया तथा डिजिटल साक्षरता संबंधी अपने कार्यों को पूर्ण किया जिनके छायाचित्र प्रस्तुत रिपोर्ट के साथ प्रेषित हैं।**


NIIT FOUNDATION
YuWaah! GENERATION UNLIMITED
PASSPORT TO EARNING
unicef for every child

CERTIFICATE OF COMPLETION

This is to certify that

**Indra Kumari**

has successfully completed the course

**1. Digital Productivity**

offered by NIIT Foundation on May 25, 2023.


Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF


PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Indra Kumari**
has successfully completed the course
**2. वित्तीय साक्षरता - बेसिक कोर्स**
offered by UNICEF on May 27, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF


NIIT FOUNDATION
PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Sonu Charan**
has successfully completed the course
**1. डिजिटल कुशलता**
offered by NIIT Foundation on May 23, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF



PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Sonu Charan**
has successfully completed the course
**2. वित्तीय साक्षरता - बेसिक कोर्स**
offered by UNICEF on June 01, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF



NIIT FOUNDATION
PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Dhavani Vyas**
has successfully completed the course
**1. डिजिटल कुशलता**
offered by NIIT Foundation on May 20, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF


PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Dhavani Vyas**
has successfully completed the course
**2. वित्तीय साक्षरता - बेसिक कोर्स**
offered by UNICEF on May 26, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF



NIIT FOUNDATION
PASSPORT TO EARNING
CERTIFICATE OF COMPLETION
This is to certify that
**Manisha sen Sen**
has successfully completed the course
**1. Digital Productivity**
offered by NIIT Foundation on June 01, 2023.
Ms Dhuwarakha Sriram,
Chief of Generation Unlimited India (YuWaah), Youth Development and Partnerships, UNICEF


Ms Excel
हर हाथ किसी के साथ
Excel

Ms Excel
हर हाथ किसी के साथ
5G
Excel


OPPO A78 5G

OPPO A78 5G


OPPO A78 5G


Guiding about accidental  insurance
00:00
00:34


OPPO A78 5G


MART






फ्लोर मिल्स
आटा, दाल, चावल, शक्कर आदि उचित










Discover more from social_worker_sonu27 only on the app



Discover more from social_worker_sonu27 only on the app

















**भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के आदेश अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस 2023 एवं पर्यावरण के लिए जीवन (Mission Life) कार्यक्रम के तहत राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीना बया द्वारा स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने ग्रीष्मावकाश में अपने-अपने घरों पर अपने स्तर पर की जा रही पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में अपनी उत्साह पूर्वक भागीदारी प्रदर्शित की है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.**

सुनीता आर्य द्वारा स्वयं सेविकाओं के भीतर यह प्रेरणा जागृत करने का प्रयास किया गया कि पर्यावरण सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी प्रतिदिन - प्रतिपल - प्रतिक्षण है I यह केवल एक दिन कार्य कर निवृत्त होने का कार्य नहीं है I पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना जागृत करते हुए सतत् छोटे-छोटे प्रयासों द्वारा किस प्रकार हम अपना योगदान पर्यावरण के प्रति दे सकते हैं, हमारे चारों ओर विद्यमान पर्यावरण के प्रत्येक सजीव एवं निर्जीव घटक के संरक्षण एवं वर्धन का भाव जागृत करने का स्वयं सेविकाओं में प्रयास किया गया ।स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि क्रियान्वयन के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने द्वारा किए गए कार्यों को अन्य सभी स्वयं सेविकाओं के साथ साझा किया ,जिससे उनके मन में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना जागृत की जा सके I






**जून - विश्व साइकिल दिवस 2023 के अवसर पर दिनांक 3 जून 2023 शनिवार को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर की प्राचार्य डॉ मीना बया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने आयोजित रैली में उत्साह पूर्वक भागीदारी की।**
**य यह साइकिल रैली झीलों के शहर उदयपुर की सुप्रसिद्ध फतेह सागर झील के किनारे आयोजित हुई जिसमें प्रातः 6:00 बजे स्वयं सेविकाओं ने जिला समन्वयक डॉक्टर श्वेता व्यास तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ सुनीता आर्य एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ सुनीता शर्मा के साथ उत्साह पूर्वक रैली में भाग लिया।इस रैली का उद्देश्य साइकल चलाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही साथ अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने हेतु प्रयत्न करने , सेहत को प्राथमिकता प्रदान करने ,स्वस्थ जीवन शैली अपनाने छोटी या पास की दूरी को दुपहिया या चार पहिया पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के उपयोग की अपेक्षा साइकिल से या पैदल जाने आने को प्राथमिकता प्रदान करने का प्रण लिया गया।**







विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं द्वारा विविध पर्यावरण संबंधी कार्य किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीना बया द्वारा स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता आर्य ने स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी प्रतिदिन - प्रतिपल - प्रतिक्षण है। यह केवल एक दिन कार्य कर निवृत्त होने का कार्य नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना जागृत करते हुए सतत् छोटे-छोटे प्रयासों द्वारा किस प्रकार हम अपना योगदान पर्यावरण के प्रति दे सकते हैं, हमारे चारों ओर विद्यमान पर्यावरण के प्रत्येक सजीव एवं निर्जीव घटक के संरक्षण एवं वर्धन का भाव जागृत करने का स्वयं सेविकाओं में प्रयास किया गया। स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि क्रियान्वयन के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने द्वारा किए गए कार्यों को अन्य सभी स्वयं सेविकाओं के साथ साझा किया ,जिससे उनके मन में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना जागृत की जा सके।उन्होंने घर पर पेट्रोल तथा डीजल 8के वाहनों की अपेक्षा आस - पास की दूरी साइकिल से तय करने का प्रण लिया। साथ ही साथ अनावश्यक रूप से विद्युत ना खर्च करने का , अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने का ,पानी तथा बिजली की बचत करने का ,पशु - पक्षियों तथा जानवरों के लिए दाने -पानी तथा भोजन की व्यवस्था करने का ,अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ- सफाई रखने का ,घरों में अनावश्यक ए सी

**ना चलाने का  तथा फ्रिज की जगह मिट्टी के घडों में जल भरकर उपयोग करने का प्रण लिया। स्वयं सेविकाओं ने पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा प्रदान करने का कार्य भी किया I इस प्रकार उत्साह पूर्वक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के महत्त्व को समझा गया तथा इस संबंध में विविध प्रयास भी किए गए।**









14 june - विश्व रक्तदाता दिवस 2023 के अवसर पर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में एन एस एस की जिला समन्वयक डॉ. श्वेता व्यास तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुनीता आर्य के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय उदयपुर के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्वयं सेविकाओं ने रक्तदान के महत्त्व को समझते हुए तथा रक्तदान की इच्छा करते हुए रक्तदान करने की शपथ ली ,साथ ही अपना हिमोग्लोबिन तथा वजन चेक करवाया ।रक्तदान कार्यक्रम में आए हुए रक्त दाताओं के स्वास्थ्य की जांच तथा रक्तदान उपरांत उनके जलपान आदि की व्यवस्था में सहयोग करने में स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । रक्तदान के महत्त्व तथा कर्तव्य की भावना को समझते हुए स्वयं सेविकाओं ने यह प्रतिज्ञा ली कि भविष्य में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में स्वयं भी रक्तदान करेंगे तथा अपने परिजनों को भी इस पुनीत कार्य हेतु प्रेरित करेंगे। रक्तदान के द्वारा किसी की जीवन रक्षा करने का महत्व जानकर स्वयंसेविकाओ ने अपने कर्तव्य का निर्वहन किया ।







**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व मीरा विज्ञान एवं आध्यात्मिक केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर 9 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके तहत 20 जून को पूर्वाभ्यास सत्र व 21 जून को** मुख्य कार्यक्रम के साथ **दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ मीना बया द्वारा दिनांक 20 जून को किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा की योग हमारे भारत की पहचान है जो कि कई सदियों से भारत में किया जाता रहा है। भारत की पहल के बाद योग को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिला और इसे पूरे विश्व ने अपनाया है। नियमित योग से शरीर में नवीन ऊर्जा व स्फूर्ति का प्रसार होता है अतः शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 20 जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें योगाचार्य डॉ. राकेश दशोरा ने महाविद्यालय परिवार के सदस्यों वह छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार**


**सामूहिक योग करवाया। उन्होंने अपने उद्बोधन ने कहा की वैश्विक शांति व सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की अहम भूमिका है।**








**राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुनीता आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ समझाते हुए कहा की** one world one health **अर्थात "धरती एक परिवार" है जिसका अर्थ धरती पर सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता से हैं । कार्यक्रम का संचालन मीरा विज्ञान एवं आध्यात्मिक केंद्र की प्रभारी डॉ विनीता कोठारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला समन्वयक डॉक्टर श्वेता व्यास, संकाय सदस्य व सहायक कर्मचारी उपस्थित थे । महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने इस कार्यक्रम मे सक्रियता से भाग लिया ।** योग के प्रति जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के लिए योग विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी जिसमें सन सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी करते हुए सुंदर पोस्टर बनाएं ।




कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ किरण मीणा व रीतू परमार ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।






GPS Map Camera
Udaipur, Rajasthan, India
HMWW+24G, Madhuban, Udaipur, Rajasthan
313001, India
Lat 24.595059°
Long 73.695045°
21/06/23 10:45 AM GMT +05:30
Google

8